Prepp
Your Personal Exams Guide

M-2025/GS-IV

अनुक्रमांक/Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।

Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : खण्ड - 'अ' - 4 + खण्ड - 'ब' - 4 — मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

Total No. of Questions : Section – A – 4 + Section – B – 4 — **No. of Printed Pages : 12**

M-2025/GS-IV

सामान्य अध्ययन
GENERAL STUDIES

चतुर्थ प्रश्न-पत्र
FOURTH PAPER

समय : 03 घंटे] [पूर्णांक : 300 (खण्ड-'अ' 150 अंक + खण्ड-'ब' 150 अंक)

Time : 03 Hours] [Total Marks : 300 (Section – 'A' 150 Marks + Section – 'B' 150 Marks)

SECTION—A / खण्ड—अ

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **16** अतिलघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है। **(2×16=32)**

Que. :1. This question contains **16** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks.

प्रश्न : (1.1) अरस्तू के कारणता सिद्धान्त के चार प्रकार कौन-से हैं?

What are the four kinds of Aristotle's causation theory?

प्रश्न : (1.2) बौद्ध दर्शन के द्वादश निदान चक्र कौन-से हैं?

What are the twelve Nidanachakras of Buddhism?

प्रश्न : (1.3) योग सूत्र के चार पाद कौन-कौन से हैं?
What are the four Pādas of Yoga Sutra?

प्रश्न : (1.4) 'प्रस्थानत्रयी' किन्हें कहते हैं?
Who is called 'Prasthānatrayi'?

प्रश्न : (1.5) 'राष्ट्रीय मनोबल' से क्या अभिप्राय है?
What is meant by 'National Morale'?

प्रश्न : (1.6) भारतीय सशस्त्र सेनाओं में वायुसेना के महत्व को रेखांकित कीजिए।
Highlight the importance of the Air Force in the Indian Armed Forces.

प्रश्न : (1.7) गीता के अनुसार, मोक्ष के साधन कौन-कौन से हैं?
What are the means of Moksha, according to the *Gita*?

प्रश्न : (1.8) नैतिक उत्तरदायित्व की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
Explain the concept of moral responsibility.

प्रश्न : (1.9) 'पूर्वाग्रह' को परिभाषित कीजिए।
Define 'prejudice'.

प्रश्न : (1.10) 'संप्रेषण' के प्रकार बताइए।
Explain the types of 'communication'.

प्रश्न : (1.11) 'समानुभूति' से आप क्या समझते हैं?
What do you understand by 'Empathy'?

प्रश्न : (1.12) 'सामाजिक दुर्भीति' से आपका क्या आशय है?
What do you mean by 'social phobia'?

प्रश्न : (1.13) अभिप्रेरणा को परिभाषित कीजिए।
Define motivation.

प्रश्न : (1.14) भारत में लोक सेवकों के लिए आचार संहिता क्यों बनाई गई है?
Why is the code of conduct for civil servants formed in India?

प्रश्न : (1.15) 'ट्रान्सपैरेंसी इंटरनेशनल' क्या है?
What is 'Transparency International'?

प्रश्न : (1.16) कार्यात्मक दक्षता हेतु, लोकपाल के प्रशासन को किन दो खंडों में विभाजित किया गया है?

For functional efficiency, the administration of Lokpal is divided into which two wings?

प्रश्न : 2. **इस प्रश्न में 08** लघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **07** (सात) अंकों का है। **(7×8=56)**

Que. : 2. This question contains **08** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न : (2.1) पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' को समझाइए।

Explain the 'Ekātma Mānavavāda' of Pt. Deendayal Upadhyaya.

प्रश्न : (2.2) सुकरात की दर्शन विधि को समझाइए।

Explain the philosophical method of Socrates.

प्रश्न : (2.3) राष्ट्र की सुरक्षा को स्वदेशी वातावरण कैसे प्रभावित करता है? व्याख्या कीजिए।

How does the indigenous environment affect the national security? Explain.

प्रश्न : (2.4) भगवद् गीता के अनुसार 'लोकसंग्रह' की महत्ता को बताइए।

Explain the importance of 'Loksangraha' according to *Bhagavad Gita*.

प्रश्न : (2.5) व्यक्तिगत भिन्नता को प्रभावित करने वाले कारकों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

Briefly describe the factors affecting individual differences.

प्रश्न : (2.6) 'अवसाद' के लक्षणों की विवेचना कीजिए।

Discuss the symptoms of 'depression'.

प्रश्न : (2.7) भ्रष्टाचार के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

Mention the major causes of corruption.

प्रश्न : (2.8) भ्रष्टाचार पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

Highlight the purposes of the United Nations Convention on corruption.

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **04** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **11 (ग्यारह)** अंकों का है। **(11×4=44)**

Que. : 3. This question contains **04** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **11 (eleven)** marks.

प्रश्न : (3.1) श्री अरबिन्द के विकासवाद का वर्णन कीजिए।

Describe the Evolutionism of Shri Aurobindo.

अथवा/OR

आचार्य शंकर के अनुसार 'आत्मा' के स्वरूप को समझाइए।

Explain the nature of 'SOUL' according to Āchārya Shankara.

प्रश्न : (3.2) 'राष्ट्रीय सुरक्षा' में भौगोलिक तत्वों के योगदानों की व्याख्या कीजिए।

Explain the roles of geographical elements in 'National Security'.

अथवा/OR

नैतिक अवधारणा के रूप में 'सद्गुण' के स्वरूप का वर्णन कीजिए।

Describe the nature of 'virtue' as a moral concept.

प्रश्न : (3.3) गार्डनर के 'बहु-बौद्धिक' सिद्धांत की विवेचना कीजिए।

Discuss Gardner's theory of 'Multiple Intelligence'.

अथवा/OR

संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी (CBT) की विवेचना कीजिए।

Comment on Cognitive Behavioral Therapy.

प्रश्न : (3.4) उत्तरदायित्व को परिभाषित कीजिए। उत्तरदायित्व के साधन कौन-से हैं?

Define accountability. What are the tools of accountability?

अथवा/OR

मध्य प्रदेश लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार और कार्यपद्धति का विवेचन कीजिए।

Discuss the jurisdiction and procedure of work of the Madhya Pradesh Lokayukta.

प्रश्न : 4. इस प्रश्न में **01** केस स्टडी है, जिसमें कुल **06** प्रश्न होंगे तथा **प्रत्येक** उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **30** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है।

(3×6=18)

Que.: 4. There is **01** case study in this question, in which there will be total **06** sub-questions and the ideal word limit for each answer will be **30** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **03 (three)** marks.

प्रकरण अध्ययन (Case Study)

वित्त मंत्रालय में एक वरिष्ठ अधिकारी होने के चलते सरकार द्वारा घोषित किये जाने वाले कुछ नीतिगत निर्णयों की गोपनीय जानकारी एवं महत्वपूर्ण सूचना आपको मिलती है। इन निर्णयों से भवन एवं निर्माण उद्योग पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। यदि भवन एवं निर्माण उद्योग के निर्माताओं को पहले ही यह जानकारी मिल जाती है, तो उससे वे बड़े लाभ उठा सकते हैं। निर्माताओं में से एक ऐसा है, जिसने सरकार के लिए अच्छी गुणवत्ता का बहुत अधिक काम किया है। वह आपके तात्कालिक वरिष्ठ अधिकारी का घनिष्ठ भी है। आपके तात्कालिक वरिष्ठ अधिकारी ने आपको उक्त घोषित किये जाने वाले निर्णयों को उस निर्माता को बताने का संकेत भी दिया है।

As a senior officer of finance ministry, you have access to some of the confidential and crucial information about policy decisions that Government is about to announce. Those decisions are likely to have far-reaching impact on the housing and construction industry. If the builders have access to this information beforehand, they can make huge profits. One of the builders has done a lot of quality work for the Government. He is known to be close to your immediate superior officer. Your immediate superior officer has given you hint to disclose this information to the said builder.

प्रश्न : (4.1) इस प्रकरण में आपके पास विभिन्न विकल्प क्या हैं?

What are the different alternatives you have in this case?

प्रश्न : (4.2) क्या आपके लिए तात्कालिक वरिष्ठ अधिकारी का संकेत स्वीकार करना आवश्यक है? यदि हाँ, तो क्यों?

Is it necessary for you to follow the indication of the immediate senior officer? If yes, then why?

प्रश्न : (4.3) तात्कालिक वरिष्ठ अधिकारी के संकेत को स्वीकारने अथवा नकारने के द्वंद्व को आप कैसे सुलझाएंगे?

How will you solve the dilemma of accepting or rejecting the indication given by your immediate superior officer?

प्रश्न : (4.4) गोपनीय सूचना को बता देने से आपका क्या लाभ होगा?

What would be the advantage if you uncover the secret information?

प्रश्न : (4.5) तात्कालिक वरिष्ठ अधिकारी के संकेत पर, गोपनीय सूचना नहीं बताने पर, आपकी क्या हानि होगी?

What would be the damage, if you are not sharing confidential information following the signal of immediate superior officer?

प्रश्न : (4.6) एक ईमानदार अधिकारी के रूप में उक्त विकल्पों में से आप अन्तिम विकल्प क्या चुनेंगे?

From above alternatives, what final alternative would you choose as an honest officer?

SECTION—B / खण्ड—ब

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **16** अतिलघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है। **(2×16=32)**

Que. :1. This question contains **16** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks.

प्रश्न : (1.1) उद्यमिता की जोखिम अवधारणा को बताइए।

State the risk concept of entrepreneurship.

प्रश्न : (1.2) 'उद्यमिता विकास कार्यक्रम' से आप क्या समझते हैं?
What do you understand by 'Entrepreneurship Development Programmes'?

प्रश्न : (1.3) उद्यमिता में नवाचार क्या है?
What is innovation in entrepreneurship?

प्रश्न : (1.4) 'मेक इन इण्डिया' कार्यक्रम क्या है?
What is 'Make in India' programme?

प्रश्न : (1.5) मितव्ययी (आर्थिक) आदेश मात्रा से क्या आशय है?
What is meant by Economic Order Quantity?

प्रश्न : (1.6) प्रकृति के आधार पर नियोजन के प्रकार लिखिए।
Write the types of planning based on nature.

प्रश्न : (1.7) 'समन्वय प्रबन्धन का सार है।' टिप्पणी लिखिए।
'Coordination is the essence of management.' Write a note.

प्रश्न : (1.8) संगठन के विकेन्द्रीकरण से क्या आशय है?
What is meant by decentralisation of organisations?

प्रश्न : (1.9) सुशासन क्या है?
What is good governance?

प्रश्न : (1.10) लोक लेखा समिति (PAC) के सदस्यों एवं अध्यक्ष के बारे में बताइए।
State about the Members and Chairman of Public Accounts Committee (PAC).

प्रश्न : (1.11) लोक प्रशासन में हित संघर्ष प्रबन्धित करने के लिए प्रमुख सिद्धान्त कौन-से हैं?
What are the core principles for managing conflict of interest in public administration?

प्रश्न : (1.12) प्राकृतिक आपदाएँ क्या हैं?
What are natural disasters?

प्रश्न : (1.13) व्यक्तित्व के विविध आयामों को स्पष्ट कीजिए।
State the various dimensions of personality.

प्रश्न : (1.14) 'असफलता को स्वीकार करना' से क्या आशय है?

What is meant by 'Accepting Failure'?

प्रश्न : (1.15) योजना क्रियान्वयन के लिये 'समीक्षा एवं निगरानी प्रणाली' के प्रमुख तत्वों का निरूपण कीजिए।

Enumerate the key elements of 'Review and Monitoring System' of programme implementation.

प्रश्न : (1.16) विधिक जागरूकता कार्यक्रम क्या है?

What is legal awareness programme?

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **08** लघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **07 (सात)** अंकों का है। **(7×8=56)**

Que. : 2. This question contains **08** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न : (2.1) उद्यमिता के नेतृत्व सिद्धान्त को समझाइए।

Explain the theory of leadership of entrepreneurship.

प्रश्न : (2.2) 'राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान' के उद्देश्यों को लिखिए।

Write the objectives of 'The National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development'.

प्रश्न : (2.3) ब्रांड की प्रमुख विशेषताएं बताइए।

Describe the main characteristics of Brand.

प्रश्न : (2.4) निर्णयन-प्रक्रिया के प्रमुख चरणों का उल्लेख कीजिए।

State the major steps in the decision-making process.

प्रश्न : (2.5) प्रशासन और लोक प्रशासन में अन्तर बताइए।

Differentiate between Administration and Public Administration.

प्रश्न : (2.6) बढ़ती हुई विविधता के क्या कारण हैं? समझाइए।

What are the reasons for increasing diversity? Explain.

प्रश्न : (2.7) 'पर्याप्त सूचना का अभाव सफलता के लिये एक महत्वपूर्ण बाधा है।' टिप्पणी कीजिए।

'Lack of adequate information is an important hurdle for the success.' Comment.

प्रश्न : (2.8) रात्रिकालीन संस्कृति (नाइट कल्चर) के सार्वजनिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों की विवेचना कीजिए।

Discuss the impacts of night culture on public life.

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **04** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **11 (ग्यारह)** अंकों का है। **(11×4=44)**

Que. : 3. This question contains **04** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **11 (eleven)** marks.

प्रश्न : (3.1) उद्यमिता प्रक्रिया क्या है? इसके विभिन्न चरणों की व्याख्या कीजिए।

What is entrepreneurial process? Explain its various steps.

अथवा/OR

भारत में उद्यमिता विकास के संवर्धन में संलग्न महत्वपूर्ण संगठनों की विवेचना कीजिए।

Discuss the important organisations engaged for promoting entrepreneurship development.

प्रश्न : (3.2) समय प्रबंधन के प्रमुख अंगों (घटकों) की व्याख्या कीजिए एवं इसके लाभों का उल्लेख करिए।

Explain the main components of time management and state its benefits.

अथवा/OR

प्रभावी विपणन के लिए कौन-कौन से कार्य या क्रियाएँ आवश्यक हैं?

What are the functions or activities required for effective marketing?

प्रश्न : (3.3) सार्वजनिक निगम क्या है? इसकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

What is public corporation? Write its main features.

अथवा/OR

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का उद्भव कब और कैसे हुआ? इसके कार्यकलाप और उत्तरदायित्वों का उल्लेख कीजिए।

When and how did the National Disaster Management Authority emerge? Mention its functions and responsibilities.

प्रश्न : (3.4) सरकार द्वारा अपने कार्यक्रम क्रियान्वयन की प्रभावशीलता तथा दक्षता बढ़ाने के लिये अपनायी जाने वाली रणनीतियों का वर्णन कीजिए।

Describe the strategies adopted by the Government for enhancing the effectiveness and efficiency of its programme implementation.

अथवा/OR

सफलता क्या है? सफलता के लिये जिम्मेदार प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए।

What is success? Describe the key factors responsible for success.

प्रश्न : 4. इस प्रश्न में **01** केस स्टडी है, जिसमें कुल **06** प्रश्न होंगे तथा **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **30** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है।

(3×6=18)

Que. :4. There is **01** case study in this question, in which there will be total **06** sub-questions and the ideal word limit for each answer will be **30** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **03 (three)** marks.

प्रकरण अध्ययन (Case Study)

इम्फाल, मणिपुर का एक छोटा शहर है। मेहनतकश पुरुष और महिलाएं अपने बच्चों को बड़े शहरों में भेजते हैं ताकि उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें। खुंबोंगमायुम के पिता उसे भेजने या उसे पढ़ाने में असमर्थ थे। उन्होंने उसे बस वही सिखाया जो वह जानते थे — कपड़े सिलना। लड़का कपड़ों, सिलाई और कपड़ों की शैलियों के साथ बड़ा हुआ। केवल एक सिलाई मशीन थी और लड़का उसका उपयोग तब करता था जब उसके पिता उसका उपयोग नहीं कर रहे होते थे। उसने चुपचाप इसे सीखा क्योंकि वह जानता था कि उसके पिता यही चाहते थे, लेकिन उसका मन इसमें नहीं था।

कभी-कभी एक घटना आपकी जिंदगी बदल सकती है। खुंबोंगमायुम के साथ ऐसा हुआ जब उसने अपने पिता की दुकान के बचे हुए कपड़ों की कतरनों की सिलाई करके एक पर्स बना दिया था।

खुंबोंगमायुम ने वह पर्स अपने दोस्त को भेंट किया, जो उसके अद्वितीय डिज़ाइन से आश्चर्य-चकित हुआ। बदले में दोस्त ने अपने अन्य दोस्तों को वह दिलचस्प पर्स दिखाया। उन्होंने खुंबोंगमायुम से पूछा कि क्या वह उनके लिए भी ऐसे पर्स बना सकता है। इससे उसे आश्चर्य हुआ कि क्या उसके डिज़ाइनों के लिए कोई बाजार है और वह जान गया कि वह इस व्यवसाय के शिखर पर जा सकता है। उसने एक व्यवसाय योजना बनाई और 1996 में पर्स बनाने का उद्यम 'रोमी बैग्स' शुरू किया। खुंबोंगमायुम कोई भी काम मनमाने ढंग से नहीं करते थे। उन्होंने अपने उत्पाद की मांग को देखा और अपनी लागत, खर्च और अपेक्षित आय की गणना की। 2007 में उन्हें सूक्ष्म और मध्यम उद्यम (माइक्रो एंड मीडियम एंटरप्राइजेज़) के अंतर्गत बैग बनाने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उनके लिए, हालांकि यह सिर्फ़ शुरुआत है। खुंबोंगमायुम ने अपनी हिम्मत, दृढ़ता और कड़ी मेहनत से अपना जीवन बदल दिया है। आप किसी को भी आगे बढ़ने से रोक नहीं सकते। आप सफल नहीं हो सकते या शीर्ष पर नहीं पहुँच सकते, यदि आप ध्यान से और प्रभावी ढंग से सुनते नहीं हैं।

Imphal is a small city in Manipur. Hardworking men and women send their children away to bigger cities so that they can have opportunities to progress. Khumbongmayum's father couldn't afford to send him or even educate him. He just taught him what he knew — tailoring. Fabrics, stitching and clothing styles was what the boy grew up with. There was only one sewing machine and the boy used it when his father wasn't using it. He learnt it silently because he knew it was what his father wanted, but his heart wasn't in it.

Sometimes an incident can change your life. This happened to Khumbongmayum when he stitched a purse made out of leftover fabrics from his father's scraps. Khumbongmayum offered the purse to his friend who marvelled at the unique design. The friend in turn showed the interesting purse to his other friends. They asked Khumbongmayum, if he could make such purses for them also. It let him to wonder if there was a market for his designs. And he knew he could reach the top in this business. He made a business plan and launched a purse making venture 'Romi Bags' in 1996. Khumbongmayum was not one to do anything on a whim. He noticed the demands of his product and he calculated his costs, expenses and expected income. In 2007, he received the National Award for bag making under Micro and Medium Enterprises. For him, though it's just the beginning, Khumbongmayum has changed his life by sheer grit, perseverance and hard work. You can't let anything stop you from moving forward. You can't become successful or reach the top if you don't listen and hear effectively.

प्रश्न : (4.1) गाँवों एवं छोटे शहरों के बच्चों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता क्यों पड़ती है?

Why do children from villages and small towns need to go to big cities?

प्रश्न : (4.2) बालक खुंबोंगमायुम को पर्स बनाने की प्रेरणा कहाँ और कैसे मिली?

Where and how did child Khumbongmayum get the inspiration to make purses?

प्रश्न : (4.3) क्या हमारे देश में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त करने के लिए किसी विशिष्ट शैक्षणिक, तकनीकी या पेशेवर योग्यता की आवश्यकता होती है? स्पष्ट कीजिए।

Is there any specific educational, technical or professional qualification required to receive National Awards in our country? Explain.

प्रश्न : (4.4) आपकी दृष्टि में, क्या परिश्रमी एवं दृढ़निश्चयी होना उद्यमशीलता का आधार होता है? समझाइए।

In your opinion, is being hard working and determined the basis of entrepreneurship? Explain.

प्रश्न : (4.5) क्या आप खुंबोंगमायुम को नव प्रवर्तनकर्ता के रूप में मानते हैं? यदि हाँ, तो कैसे?

Do you consider Khumbongmayum as an innovator? If yes, then how?

प्रश्न : (4.6) "बिना पर्याप्त धन एवं भौतिक संसाधनों के व्यावसायिक जगत में पैठ बनाना सम्भव नहीं है।" इस कथन पर अपनी टिप्पणी दीजिए।

"Without adequate money and material resources, it is not possible to make inroads in the business world." Comment on this statement.

★★★